हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 3 अप्रैल 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

2 खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी कर रहे नियमों का उल्लंघन



## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण व संवर्धन पर कार्यशाला आज

**बैकुण्ठपुर**। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में हाल ही में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटेडांड़ और डोहड़ा में आवा पानी झोंकी अभियान चलाया गया, जिसके तहत ग्रामीणों को बरसाती पानी को रोकने के उपायों की जानकारी दी गई। जिला प्रशासन द्वारा चौपालों का आयोजन कर इस विषय पर ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा की गई। अब इस कड़ी में जिला प्रशासन ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ, यानी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए जल संरक्षण व संवर्धन के महत्व को प्रचारित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। यह कार्यशाला 3 अप्रैल को जिला सभाकक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी।

### शासी परिषद की बैठक 7 को

**बैकुण्ठपुर**। जिला खनिज संस्थान न्यास विभाग कोरिया ने जानकारी दी है कि 7 अप्रैल को शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय लेखा का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन एवं स्वीकृत कार्यों के कार्योत्तर स्वीकृति का अनुमोदन के साथ बैठक में वर्ष 2024-25 में निरस्त कार्यों व वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन व अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

### 20 कर्मियों का नेजल स्वाब के लिए गए नमूने, एम्स रायपुर भेजा गया

# बर्ड फ्लू: डोर टू डोर 136 घरों में सर्वे, बेरियर से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के शहरी क्षेत्र में स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केन्द्र में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि होने के बाद आस-पास के रहवासी क्षेत्र के लोगों में भय का वातावरण बन गया है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्र के 1 किलोमीटर दायरे में घर-घर जाकर सर्वे किया। अब तक 136 घरों का सर्वे किया गया, इसमें 346 लोग लक्षणों (सर्दी, खांसी) के साथ पाए गए। पोल्ट्री उत्पादों से संपर्क में आए लोगों को बार-बार हाथ धोने और किसी भी लक्षण के मामले में नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

वहीं बीते 1 अप्रैल को शासकीय हेचरी के कर्मचारियों से 20 नेजल स्वाब नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण के लिए एम्स रायपुर भेजा गया। एविएन इन्फ्लूएंजा के इलाज के लिए ओसिल्टामिविर और अन्य जरूरी टेस्टिंग सामग्री की आपूर्ति के लिए डिमांड भेजी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को इस बीमारी से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही अधिकारियों और आम नागरिकों से निवेदन किया गया है कि किसी भी संदिग्ध मामले की जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दी जाए। जिला प्रशासन ने सभी वर्गों से सहयोग करने की अपील की है। विदित हो कि बीते 29 मार्च को प्रारंभिक परीक्षण किया गया। शासकीय हेचरी सेंटर से 5 मुर्गियों के रक्त परीक्षण के लिए नमूने राष्टीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजे गए थे, इनमें 4 मुर्गियों में संक्रमण मिले थे। 31 मार्च को प्राप्त रिपोर्ट में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर सभी मुर्गियों और अन्य पक्षियों को नष्ट करने के आदेश दिए गए। इसके तहत कुल 24,087 मुर्गियां, 9,998 चूजों, 2,448 बटेरों और 19,095 अंडों को नष्ट किए गए। साथ ही, शासकीय हेचरी से मुर्गी और बटेर की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन ने हेचरी के एक किमी के दायरे को संक्रमित जोन घोषित कर दिया है, इस दायरे में किसी भी जगह या दुकान पर पक्षियों, मुर्गा-मुर्गी व अण्डा का वितरण करना पूर्ण रूप से प्रतिबंध कर दिया गया है, वहीं प्रभावित हेचरी केन्द्र से 10 किमी के क्षेत्र को सर्विलांस जोन घोषित किया गया।



डोर टू डोर जारी सर्वे।



कोरिया के सीमावर्ती इलाके में लगा बैरियर।

### सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

भारत शासन के एविएन इन्फ्लुएंजा एक्शन प्लान रिवाइज्ड 2021 के दिशा-निर्देशों के तहत बैकुंठपुर शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में एविएन इन्फ्लुएंजा (एचफाइपएनवन) के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कड़ी रोकथाम व उपायों पर गंभीरता से कार्य कर रही है। जांच के परिणामस्वरूप संक्रमित क्षेत्र की पहचान की गई है और इसके आस-पास के क्षेत्र को इन्फेक्टेड सर्विलेन्स जोन घोषित किया गया है।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में बेरियर (नाका) स्थापित

जिले में पोल्ट्री उत्पादों के प्रवेश पर रोकथाम के लिए विभिन्न स्थानों पर बेरियर (नाका) लगाए गए हैं। इन बैरियरों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो 24 घंटे निगरानी करेंगे। डुमरिया नाका, कुडेली नाका, पण्डोपारा नाका, नगर नाका और सुरमी नाका पर कर्मचारियों की शिफ्ट्स निर्धारित की गई हैं, जो सुनिश्चित करेंगे कि पोल्ट्री उत्पादों की अवैध आवाजाही रोकी जाए।



पीपीकीट पहनकर जांच करता कर्मी।

### कुक्कुट पालन एवं विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध



बर्ड फ्लू : एक किमी इन्फेक्टेड और 10 किमी सर्विलेन्स जोन घोषित
मुर्गे-मुर्गियां, चूजे, बटेर, अंडे सहित 34 हजार से अधिक पोल्ट्री उत्पाद को किया गया नष्ट

प्रकाशित खबर

इस क्षेत्र में कुक्कुट (मुर्गियां), कुक्कुट उत्पाद (अंडे और अन्य) तथा कुक्कुट आहार (मुर्गीदाना) के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी मुर्गियों को बाहर न छोड़े और किसी भी संदिग्ध स्थिति की जानकारी तुरंत पशु चिकित्सा विभाग को दें। वही प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे घबराने की बजाए सतर्कता बरतें। यदि किसी व्यक्ति में बर्ड फ्लू के लक्षण बुखार, गले में खराश, सांस लेने में कठिनाई दिखाई दें, तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

### पोल्ट्री उत्पादों की आवाजाही पर प्रतिबंध

बैकुंठपुर के 1 किमी दायरे को इन्फेक्टेड क्षेत्र घोषित किया गया है, जहां पोल्ट्री उत्पादों (मुर्गा, अंडे, आदि) की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। 1 से 10 किलोमीटर के सर्विलेन्स जोन में पोल्ट्री उत्पादों की दुकानों को भी बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, इन उत्पादों की डोर-टू-डोर डिलीवरी भी रोक दी जाएगी।

### कार्रवाई के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

शासकीय हेचरी सेंटर बैकुंठपुर में एविएन इन्फ्लूएंजा (एचफाइपएनवन) के मामले को लेकर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय काम्बेक्ट टीम ने प्रभावित क्षेत्र में कार्रवाई शुरू की है। वहीं प्रतिबंधात्मक उपायों की निगरानी और समन्वय के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर और सहायक नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर को नियुक्त किया गया है। यह कड़ी रोकथाम योजना क्षेत्र में एविएन इन्फ्लुएंजा के प्रसार को नियंत्रित करने और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लागू की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है, ताकि इस संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण में मदद मिल सके।

### हल्की बूंदाबांदी के बने हैं आसार

# फिर बदला मौसम बादलों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया-एमसीबी जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट ली है। बुधवार सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ है, इससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई।

ठंडी हवाओं के साथ बादलों की आवाजाही जारी है, इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में हल्की बारिश होने की संभावना है,इससे गर्मी से राहत तो मिलेगी ही, साथ ही खेतों की नमी भी बनी रहेगी, इससे किसानों को फायदा होगा।

पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे, लेकिन बादलों की वजह से मौसम सुहावना हो गया है। यदि हल्की बारिश होती है, तो तापमान में और गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक बादल छाए रह सकते हैं और हल्की फुहारें भी पड़ सकती है, इससे मौसम में ठंडक बनी रहेगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।



छाए बादल।

### दिनभर छाए रहे बादल

**सोनहत**। मुख्यालय सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में 2 अप्रैल को सुबह से पूरे दिनभर आसमान में बादल छाए रहे, इससे मौसम बदल रहा। आसमान के बादलों के आवाजाही होने से बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी के आसार बनते रहे। मौसम के अचानक बदलाव से खासकर किसान खेतों में कटे फसल को समेटने की कवायद में दिनभर लगे रहे। मौसम के बदलने से ग्रामीण स्तर पर महुआ फसल का संग्रहण खासा प्रभावित होने लगा।






2-APRIL- JAS- KORIYA- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/2/2025 7:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### चैत्र नवरात्रि पर नगर में चल रहा रामलीला महोत्सव

**बिश्रामपुर।** नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि श्री सीताराम धर्म प्रचारक रामायण रामलीला मंडल के तत्वावधान चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में श्री रामलला के पावन चरित्र 9 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन 29 मार्च से 6 अप्रैल तक किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन प्रतिदिन रात 7 से 10 बजे तक कराया जा रहा है।

### पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मंत्री नेताम ने की आर्थिक मदद



**रामानुजगंज।** ग्राम नेहरू नगर के विश्वनाथ मिस्त्री के पुत्र एवं पुत्री के गांव के सटे ग्राम सुभासनगर के तालाब में गिरकर डूबने और दोनों मासूम की मौत हो जाने की जानकारी मिलते ही कृषि मंत्री रामविचार नेताम पीड़ित परिवार से मुलाकात की।उन्होंने परिजन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिजन को आर्थिक मदद प्रदान की और सरकार से आर्थिक सहायता प्रदान करने की एसडीएम और तहसीलदार को तत्काल निर्देशित किए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य व सभापति बद्री यादव, बीडीसी भोला गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

### तहसीलदार को हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापपुर।** तहसीलदार सालिक राम गुप्ता के खिलाफ ग्रामीणों व चेरवा समाज ने खोला मोर्चा खोल दिया। है। एसीबी द्वारा रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े जाने के बावजूद तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीण व चेरवा समाज के लोगों ने तहसीलदार को हटाकर जांच किए जाने की मांग की है। प्रतापपुर तहसील कार्यालय में एसीबी द्वारा छापा मार कार्यवाही करते हुए तहसील के बाबू एवं एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। प्राथी के कहने व बाबू के बयान के बाद भी तहसीलदार के विरूद्ध आज तक कोई कार्रवाठ नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासियों एवं भोले भाले लोगों को परेशान कर आए दिन तहसीलदार द्वारा जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सीमांकर आदेश अन्य प्रकरणों में बिना रिश्वत लिए कोई भी हस्ताक्षर नहीं करता था। आज ग्रामीणों ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस दौरान शिवचरण बघेल, रुद्र प्रसाद बंछोर, इंद्रपाल खमरिया, रामचंद्र मांझी, जीतन सोनहा, भुनेश्वर सोनहा, राम प्यारे नागवंशी, राजेंद्र बघेल, बाल गोविन्द सोनहा, गिरिधर कुमार सूर्यवंशी, जवाहिर सहित बड़ी संख्या में चेरवा समाज के लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने बिलासपुर एसईसीएल कार्यालय का किया घेराव

**रायगढ़।** एसईसीएल की बरौद कोयला खदान के विस्थापित ग्राम बरौद के ग्रामवासियो ने एसईसीएल सीएमडी मुख्यालय बिलासपुर का घेराव कर अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जनवरी माह में हुए समझौते के अनुसार लाभ दिलाए जाने की मांग की गई।15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने की दशा में 16 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की भी चेतावनी ग्रामीणों ने दी। बता दें कि रायगढ़ जिले के एसईसीएल अंतर्गत बरौद कोल माइंस प्रभावितों को लगातार मुश्किलों का समाना करना पड़ रहा है। इन सबके बीच एक बार फिर से बरौद खदान के प्रभावितों द्वारा मोर्चा खोलते हुए एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर सीएमडी कार्यालय पहुंचे और अपनी एक सूत्रीय मांगो को लेकर दफ्तर के सामने प्रदर्शन करने लगे। अहम बात यह है कि एसईसीएल रायगढ़ अंतर्गत बरौद कोयला खदान प्रभावित लंबे समय से पुनर्विस्थापन लाभ को एसईसीएल के अन्य कोयला खदान भू विस्थापितों की तरह समान आधार पर लाभ प्रदान किया जाने को लेकर लंबे समय से जद्दोजहद कर रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो लंबे समय से जिस भूमि पर वे जीवकोपार्जन करते थे, वह एसईसीएल के कोयला खदान प्रभावित क्षेत्र में ले अधिग्रहित कर लिया गया है और विस्थापन के नाम पर कुछ भी प्रदान नहीं किया गया है। यह पीड़ा भू विस्थापित परिवार सालों से सहन कर रहे हैं। वे लगातार शासन प्रशासन के समक्ष अपने अधिकार के लिए लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। किंतु इसके बाद भी उन्हं कुछ हासिल नहीं हो रहा है। साल 2023- 24 में इसी मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आंदोलन के बाद एसईसीएल मुख्यालय रायगढ़ महाप्रबंधक की अध्यक्षता में जनवरी 2024 में एक दिपक्षीय बैठक हुई थी। जिसमे एसईसीएल के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में विस्थापित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समझौता हुआ था, लेकिन इस समझौते के एक साल बीत जाने के बाद भी अब तक इस मामले में कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला सका है। बैठक में उपस्थित अधिकारी यह हवाला दे रहे हैं कि सराईपाली परियोजना के गांव बुडबुड के आधार पर भी लाभ सुनिश्चितत किया जाएगा। इस परिजनों की कार्य योजना बिलासपुर मुख्यालय में निर्णय लंबित है।

लगातार बढ़ते मामलों से विशेषज्ञ भी चिंतित

# मोबाइल फोन और टीवी की रंगीन दुनिया से बढ़ रहे ऑटिज्म के केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मोबाइल फोन और टीवी की रंगीन दुनिया नन्हे बच्चों में ऑटिज्म का कारण बनती जा रही है। सरगुजा जिले और संभाग में ऑटिज्म के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे है और ऐसे ऐसे केस सामने आ रहे है जिससे चिकित्सकों की चिंताएं बढ़ गई है। पिछले एक साल के अन्दर अस्पताल के ऐसे मामले सामने आए जिसमें बच्चों के स्वभाव में असामान्य रूप से परिवर्तन आया। बच्चे चिडचिडे हो रहे है इसके साथ ही कुछ बच्चों ने अपनी ही एक अलग भाषा का विकास कर लिया। यही वजह है कि विशेषज्ञों द्वारा माता-पिता को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने और 6 साल की कम उम्र के बच्चों को मोबाइल और टीवी की स्क्रीनिंग से दूर रखने की सलाह दी जा दी है।

**खास बात**

- बना ले रहे अपनी ही अलग दुनिया

सरगुजा में ऑटिज्म के बढ़ते मामलों को लेकर विश्व ऑटिज्म दिवस पर हरिभूमि ने राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ईएनटी विभाग में पदस्थ ऑडियोलॉजिस्ट से बात की। आम तौर पर ऑटिज्म अनुवांशिक होता है या फिर जब बच्चा मां के गर्भ में हो और कोई समस्या हो जाए, जन्म के बाद बच्चा नहीं रोता है तो उस बच्चे को ऑटिज्म होने की संभावना होती है लेकिन वर्तमान में ऑटिज्म का एक सबसे बड़ा कारण मोबाइल फोन और टीवी है। आधुनिकता के इस योग में माता-पिता काम की व्यस्तता के कारण बच्चों को मोबाइल फोन और टीवी के सामने छोड़ देते है या फिर खाना खिलाने के लिए मोबाइल लेकर बैठ जाते है और यही कारण है कि बच्चों के मस्तिष्क पर इसका बुरा असर पड़ रहा है और बच्चे ऑटिज्म का शिकार हो रहे है। वर्तमान स्थिति में सरगुजा में भी ऑटिज्म के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रत्येक सप्ताह ऑटिज्म के केस सामने आ रहे है। जब बच्चों की हरकतें असामान्य हो जाती है या फिर अत्यधिक चिडचिडे हो जाते है, बच्चे सुनते है तो है लेकिन बोल नहीं पाते तो फिर माता-पिता बच्चों को लेकर अस्पताल आते है। अस्पताल में एक साल के अन्दर कुछ ऐसे केस आए है जिनसे इस बीमारी की गंभीरता का पता लगाया जा सकता है।



बच्चे को खेल के माध्यम से थेरेपी देते चिकित्सक।

## विकसित कर ली खुद की भाषा

ऑडियोलॉजिस्ट श्री पैकरा ने बताया कि सरगुजा जिले एक केस में एक साथ जन्मे तीन बच्चों के ऑटिज्म का केस आया था। इस केस में माता-पिता ने अपनी काम की व्यस्तता के कारण घर में टीवी लगवा दिया और चार साल के बच्चे ज्यादातर समय अपना टीवी में व्यतीत कर रहे थे। माता-पिता साउथ की भाषा में घर में बात करते थे, फिर बच्चे स्कूल जाते तो अंग्रेजी भाषा सुनते फिर टीवी में कार्टून की भाषा सुनते। इस तरह बच्चों ने अलग अलग भाषाओं को सुनकर अपनी ही एक अलग भाषा तैयार कर ली। तीनों बच्चे एक अलग ही भाषा में बात करते थे। एक वर्ष पूर्व बच्चों को उपचार के लिए लाया गया था और लम्बे समय तक चली थेरेपी के बाद बच्चे अब सामान्य हो पाए है।

### मोगली की तरह हरकतें करने लगा बच्चा

उन्होंने बताया कि अस्पताल में एक अन्य केस में चार साल के बच्चे को मोगली का कार्टून ज्यादा पसंद था और वह लगातार कार्टून देखने के बाद मोगली की तरह हरकत करने लगा। इसी तरह एक बच्चे को डायनासोर वाले कार्टून पसंद थे तो बच्चा कार्टून देखर काफी हाइपर हो गया। बच्चे को कोरियन भाषा का कार्टून दिखाया जाता था तो वह कोरियन भाषा का उपयोग करने लगा। बच्चों की इन असामान्य स्थिति से संभालने में एक वर्ष तक का समय लग गया।

### ये है कुछ सामान्य लक्षण

उन्होंने बताया कि ऑटिज्म वर्तमान में तेजी से बढ़ रहा है और इसका पता तीन साल की उम्र के बाद ही माता-पिता को लग पाता है। इसलिए जरुरी है कि लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता हो। बच्चे को संपर्क और बातचीत करने में कठिनाई, भावनाओं को समझने में समस्या, बच्चों का देर से बोलना, एक ही शब्द को बार-बार दोहराना, बुलाने पर जवाब न देना, अकेला रहना, आंख न मिला पाना, हर दिन एक ही तरह से बिताना, खुद को चोट लगाना या नुकसान पहुंचाना, दूसरे व्यक्ति की भावनाओं को न समझना या उनकी भावनाओं के प्रति संवेदनशील न होना ऑटिज्म के लक्षण है। इसके साथ ही सनकी व्यवहार करना, किसी भी एक काम या सामान के साथ पूरी तरह व्यस्त रहना, गुस्सैल, बदहवास, बेचैन, अशांत और तोड़फोड़ मचाने जैसा व्यवहार करना, किसी काम को लगातार करते रहना जैसे, झूमना या ताली बजाना, किसी विशेष प्रकार की आवाज, स्वाद और गंध के प्रति अजीब प्रतिक्रिया देना पुरानी स्किल्स को भूल जाना भी इसके लक्षण है।

## 3 वर्ष की उम्र तक हो जाता है मस्तिष्क का विकास

ऑडियोलॉजिस्ट पैकरा का कहना है कि सामान्य तौर पर 90 प्रतिशत तक मस्तिष्क का विकास 3 वर्ष की उम्र तक हो जाता है जबकि 6 वर्ष की उम्र तक बच्चों में भाषा का विकास हो जाता है लेकिन इसी उम्र में हम बच्चों को मोबाइल फोन देकर छोड़ देते है। मोबाइल फोन के कारण 3 साल की उम्र तक बच्चों के ब्रेन का सही विकास नहीं हो पाता है और मोबाइल फोन और कार्टून की उन्हें लत लग जाती है। बच्चे जिस कार्टून शो को देखते है उसे ही अपनी दुनिया बना लेते है और बाहरी दुनिया से उन्हें कोई मतलब नहीं होता और यही वजह है कि बच्चे हाइपर हो जाते हैं, उछल कूद करते हैं। एक जगह बैठ नहीं पाते हैं। अजीब अजीब आवाजें निकालते है, आवाज कार्टून जैसी कर लेते हैं। सही तरीके से नहीं बोल पाते है, बिना मोबाइल फोन या टीवी के खाना नहीं खाते है।

### थेरेपी ही उपाय

ऑडियोलॉजिस्ट का कहना है बच्चों को न्यूनतम 6 साल की उम्र तक मोबाइल और टीवी से दूर रखा जाए। इसके साथ ही माता पिता बच्चे के जन्म के समय प्रसूता महिला के पोषण आहार का विशेष ख्याल रखें, यदि जन्म के बाद बच्चा रोता नहीं है या फिर दिमागी बुखार होता है तो विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार कराएं। वहीं ऑटिज्म की समस्या आने पर लक्षणों के आधार पर बच्चों को थेरेपी दी जाती है और थेरेपी से बच्चे ठीक हो रहे है लेकिन इसके लिए अभिभावकों को समय पर समस्या की पहचान कर अस्पताल पहुंचना जरूरी है।



## ट्रांसपोर्टर की पिटाई मामले में गृहमंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

**अम्बिकापुर।** पिछले दिनों हुई ट्रांसपोर्टर की पिटाई व रोड रेज मामलों को लेकर मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से रायपुर में उनके निवास पर भेंट की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया व प्रतिनिधिमंडल ने गृहमंत्री को ट्रांसपोर्टर की पिटाई की लोमहर्षक घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा घटना के फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष ने गृहमंत्री श्री शर्मा को बताया कि इस घटना को लेकर जिले का हिन्दू समाज आंदोलित है, जल्द आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलनकारियों को रोकना मुश्किल हो जाएगा। गृहमंत्री श्री शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आईजी से फोन पर पूरी जानकारी ली तथा तुरंत घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार में कोई अपराधी बचेगा नहीं, उसे कहीं से भी ढूंढ निकाला जाएगा और सजा मुकर्रर होगी। प्रतिनिधिमंडल में ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला संवाद प्रमुख संतोष दास, सचिन अग्रवाल तथा मनीष बंसल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खाद-बीज एवं कीटनाशक व्यापारी कर रहे नियमों का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाद बीज एवं कीटनाशक दवा विक्रेताओं द्वारा दुकानों में बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। दुकान संचालक बिक्री नियमों का उल्लंघन करने के साथ ही बिना कैश क्रेडिट मेमो जारी किए, पंजी का संधारण किए बना ही वयवसाय कर रहे है। कुछ व्यवसायियों द्वारा अनुबंध समाप्त होने के बाद भी दुकान का संचालन किया जा रहा है।

- निरीक्षण के बाद जारी किया गया नोटिस, मिली अनेकों अनियमितताएं

ऐसे में विभाग द्वारा दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं आने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही जा रही है। बता दें कि सरगुजा के खाद बीज व कीटनाशक दुकानों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थी। ऐसे में कलेक्टर व कृषि उप संचालक के निर्देश पर कृषि सामग्री विक्रेता दुकानों के जांच हेतु टीम का गठन किया गया था। उर्वरक निरीक्षक जे आलम एवं टीम द्वारा दुकानों का निरीक्षण करने के साथ ही कारण बताओं नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 1 अप्रैल को टीम द्वारा शहर के लगभग दर्जनों दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें दुकानों द्वारा किये जा रहे अनियमितताओं के आधार पर नोटिस जारी किया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित फर्म के द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम व बीज नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम में निहित प्रावधानों का उल्लंघन कर व्यापार किया जा रहा था, जिसमें क्रेता को निर्धारित प्रारूप में कैश क्रेडिट मेमो जारी न करना, बीज व किटनाशी औषधी का भण्डारण वितरण पंजी का संधारण न करना, बोर्ड पर स्कंध व बिक्री दर का प्रदर्शन न करना, अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र स्पष्ट दिखने वाले स्थान पर न पाया जाना एवं अनुज्ञप्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण न पाया जाने के साथ-साथ अन्य अनियमितता पाई गई। जिस पर बीज एवं कीटनाशक निरीक्षक जे. आलम एवं उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए समस्त दुकानों को तत्काल नोटिस जारी कर तीन दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजों का सुधार कर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है इस संबंध में बीज व कीटनाशी निरीक्षक श्री जे आलम के द्वारा बताया गया कि समय अवधि मे उपरोक्त प्रतिष्ठानों द्वारा सुधार कर जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।




# ट्रांसपोर्टर से मारपीट मामले में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क दुर्घटना के बाद सूरजपुर के ट्रांसपोर्टर से की गई बर्बरतापूर्वक मारपीट के मामले के साथ ही सहह्न व जिलेभर में घटित हो रहे अपराधों व पुलिसिंग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी सरगुजा योगेश पटेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से कहा कि 28 मार्च को सामान्य सड़क दुर्घटना के बाद क्रूरता के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस अब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इस घटना की वीडियो भी वायरल है। कांग्रेस यह मानती है कि जिसप्रकार से इस आपराधिक घटना को अंजाम दिया गया वो क्रूरतम होने के साथ निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी का मत है कि यह कोई अकेली घटना नहीं है। विगत डेढ वर्ष से जबसे भाजपा की सरकार आयी है तबसे अम्बिकापुर शहर सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हुई है। अकेले अम्बिकापुर में हाल ही में अपराध की एक से एक दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। अभी हाल ही में शहर के दर्रीपारा क्षेत्र में लेनदेन के विवाद में असामाजिक तत्वों ने एक घर पर हमला कर दिया और महिलाओं से मारपीट की गई। शहर के व्यस्ततम अग्रसेन चौक के निकट एक युवक एवं उसके वाहन पर हमला किया गया। शहर में लगातार गैंगवार की खबरें आ रही हैं जिनमें नाबालिग भी शामिल हैं। जेल में बंद जघन्य अपराध के अपराधियों के पास मोबाइल मौजूद है। नाबालिग बच्चे गुटों में शहर की सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाओं के साथ यौन अपराध में बढ़ोतरी देखी जा रही है। चोरी और लूट की वारदातों में भारी इजाफा हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि कानून-व्यवस्था बहाल करने में पुलिस प्रशासन विफल रहा है और आमजन का विश्वास कानून व्यवस्था को बहाल करने वाले तंत्र पर खत्म हो रहा है। एसपी से चर्चा के दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने इस घटना के सभी आरोपियों के तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना के आड़ में शहर के सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है जबकि पूरा शहर इस दुर्दांत घटना को लेकर अपराधियों में प्रति एक राय है। इसपर पुलिस अधीक्षक ने सहमति जताई कि इस घटना के बाद ऐसी कोशिशें हो रही हैं। जिससे सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ा जा सके। एसपी ने ऐसे प्रयासों को विफल करने के लिये कांग्रेसजनों को आगे आने का निवेदन किया। हीं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने सुझाव दिया कि शहर की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये सामाजिक पुलिससिंग की व्यवस्था को बहाल किया जाए।



## एनटीपीसी में रिकार्ड बिजली उत्पादन

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024.25 के लिए 90.24 प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के साथ 12648.02 मिलियन यूनिट का अब तक का सर्वोच्च उत्पादन हासिल किया है। लारा जैसे नए बिजली संयंत्र के लिए यह एक उल्लेखनीय प्रदर्शन है। अन्य परिचालन उपलब्धियों में 800 मेगावाट बिना बॉयलर ट्यूब लीकेज से 442 दिनो को मिलकर 350 दिनों से अधिक समय से लगातार चल रही है, जो 660 और 800 मेगावाट इकाइयों के लिए सर्वोत्तम है। लारा एकमात्र स्टेशन है जिसने शून्य उपकरण आंशिक नुकसान हासिल किया है। ये सभी विशेषताएं एनटीपीसी लारा की राष्ट्र निर्माण के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने और इसके विकास की गति को शक्ति प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा ने उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हुए, देश के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए विश्वसनीयए सस्ती और निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए कर्मचारियों के अथक प्रयास के लिए सभी कर्मचारियों की सराहना की। बिजली उत्पादन के अलावा एनटीपीसी लारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास गतिविधियों के रूप में समाज में योगदान दे रहा है। सीडीआर.सीडी गतिविधियों के तहत एनटीपीसी लारा रायगढ़ जिले और छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल सुविधाओं के विकास के तहत विभिन्न बड़े काम कर रहा है।

## शासकीय भूमि के खसरा नंबर के साथ छेड़खानी करने पर एसडीएम ने पटवारी को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

तहसील कार्यालय लटोरी में पदस्थ पटवारी बालचंद पिता हिरकिशुन राजवाड़े द्वारा ग्राम मदनपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 83/2 रकबा 0.27 हेक्टेयर, खसरा नंबर 84 रकबा 0.98 हेक्टेयर, खसरा नंबर 89 रकबा 0.25 हेक्टेयर, खसरा नंबर 101 रकबा 0.52. खसरा नंबर 104 रकबा 0.40 हेक्टेयर, खसरा नंबर 105 रकबा 0.20 हेक्टेयर, खसरा नंबर 108 रकबा 0.25 हेक्टेयर उक्त सभी खसरा नंबर शासकीय भूमि थी। जिसमें सभी खसरा नंबर में छेड़छाड़ करते हुए चिन्ता राम राजवाड़े का नाम दर्ज कर शिवलाल पिता चिन्ता राम का नाम अंकित किया गया है।

साथ ही खसरा नंबर 66 रकबा 0.75 हेक्टेयर, खसरा नंबर 48 रकबा 0.11 हेक्टेयर, खसरा नंबर 67 रकबा 0.74 हेक्टेयर, खसरा नंबर 68 रकबा 0.27 हेक्टेय, खसरा नंबर 57 रकबा 0.84 हेक्टेयर जो शासकीय भूमि थी जिसमे छेडछाड़ कर सभी खसरा नंबर का मद परिवर्तन कर प्रकाश समद्दार के नाम से दर्ज किया गया है। उसके पश्चात सभी खसरा नंबर को प्रकाश समद्दार पिता शैलेन्द्र समद्दार निवासी किशुनपुर तहसील अम्बिकापुर के नाम से भूमि स्वामी के रूप में दर्ज किया गया है। खसरा नंबर 58 रकबा 0.26 हेक्टेयर, खसरा नंबर 168 रकबा 0.82 हेक्टेयर, खसरा नंबर 109 रकबा 0.26 हेक्टेयर भूमि जो शासकीय मद की थी। जिसका मद परिवर्तन कर सुखरंजन हालदार के नाम से अंकित किया गया है। उसके पश्चात सभी खसरा नंबर को विभा सिंह पति सुखरंजन हलदार निवासी अम्बिकापुर के नाम से पूर्व से आदेश पारित कर दर्ज किया गया, लेकिन किसी प्रकार के आदेश की प्रति संलग्न नहीं किया गया है, जबकी सभी खसरे छोटे झाड़ जंगल मद के थे। पटवारी बालचंद द्वारा ग्राम मदनपुर एवं पण्डोनगर स्थित शासकीय भूमियों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने की दृष्टि से आनलाईन राजस्व रिकॉर्डों में हेर-फेर करते हुए शासकीय भूमि को भूमि स्वामी मद में दर्ज कर गंभीर कृत्य किया गया है। जिस वजह से उक्त पटवारी को छग सिविल सेवा नियम 1968 नियम 10 खण्ड-2 शास्ति नियम 10,11 में दिए गए प्रावधानों के तहत सूरजपुर एसडीएम द्वारा बर्खास्त कर दिया गया है।

## शौर्य और पराक्रम बजरंग दल की पहचान : ऋषि

**बिश्रामपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का त्रिशूल दीक्षा समारोह बिश्रामपुर के गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में मंगलवार को संपन्न हुआ।आयोजन के मुख्य अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा थे अध्यक्षता विहिप के सुनील पांडेय ने की।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता व राम दरबार के छाया चित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।त्रिशूल दीक्षा समारोह के मुख्य अतिथि बजरंग दल के प्रांत संयोजक ऋषि मिश्रा ने अपने उद्बोधन की शुरुआत भारत माता की जयघोष से कर बजरंगियों को संबोधित करते हुए कहा कि शौर्य और पराक्रम का दूसरा नाम बजरंग दल है।मिश्रा ने कहा कि हमें गर्व है कि हम हिन्दू हैं और बजरंग दल से जुड़े हैं।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए ही बजरंग दल की स्थापना हुई है।उन्होंने राम मंदिर आंदोलन सहित जम्मू में अमरनाथ यात्रा को रोकने आतंकवादियों के कुत्सित प्रयास के दौरान बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साहस और पराक्रम को नमन किया।इस दौरान बताया गया कि बजरंग दल के गठन का उद्देश्य सेवा सुरक्षा और संस्कार है।उन्होंने कहा कि भगवा हमारी आन बान शान का प्रतीक है और बजरंग दल भगवा के सामने ही नतमस्तक होता है। उन्होंने बजरंगियों को सप्ताह में एक दिन किसी भी मंदिर में एकत्रित होने का आह्वान किया और कहा कि एकत्रीकरण से आपसी जुड़ाव होगा।सभा को विहिप के सुनील पांडेय ने भी संबोधित कर एकता में बल होने की बात कही और कहा कि हमारा हिन्दू समाज संगठित हो इसके लिए विहिप बजरंग दल सहित हमारे अन्य अनुषंगी संगठन इसके लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के दौरान करीब डेढ़ सौ बजरंगियों को त्रिशूल दीक्षा के बाद त्रिशूल का वितरण किया गया।बाद में यही से पथ संचलन निकाल स्वयं सेवकों ने नगर भ्रमण किया जहां जगह जगह के साथ वापस गौरीशंकर मंदिर पहुंचे सामूहिक प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने सुजीत, दिनेश साहू, प्रहलाद निषाद, सत्येंद्र भारती, आशीष ठाकुर, सन्नी गिरी, गोलू कसेर, प्रियांशु सोनी सहित बड़ी संख्या में बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय रहे।






हवन-पूजन करते शिक्षक व विद्यार्थी।

## हवन पूजन के साथ की गई नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

मंगलवार से स्कूल खुलने के साथ ही नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई। इस दौरान नगर के पतरातू स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हवन पूजन के साथ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत की गई। इस हवन पूजन के जरिए बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ने की पहल की गई। बता दें डीएवी विद्यालय परिवार द्वारा प्रतिवर्ष नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के अवसर पर हवन पूजन कर कक्षाएं शुरू की जाती है।

मंगलवार को स्कूल में शिक्षक बजरंगबली शर्मा के नेतृत्व में बच्चों ने हवन पूजन की गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस दौरान शिक्षक श्री शर्मा ने बच्चों को बताया कि हवन का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टिकोण से महत्व है। हवन वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के साथ ही अच्छी सेहत के लिए भी ज़रूरी है। वेदों में भी हवन के महत्व को बताते हुए कहा गया है कि हवन के धुएं से प्राण में संजीवनी शक्ति का संचार होता है,इसके जरिए आसपास की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने विद्यार्थियों को हवन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा बच्चों को हमेशा सकारात्मक बने रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी होने से ज़्यादा महत्वपूर्ण विद्यार्थी जीवन को समझना है। यह वक्त आपके जीवन में अनेक इम्तिहान लेकर आता है और आपको हर इम्तिहान में अपनी श्रेष्ठता साबित करनी होती है, बस जरूरत है एकाग्रचित्त होकर आप अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ते रहें।

2-APRIL- JAS-KORIYA-RAG-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/2/2025 7:54 PM Page 1





# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैन: 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला




# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि



शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।

# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किस: द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



## एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

## इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*



## निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



## तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप

### राईस मिल खोले जाने पर उपजा असंतोष

**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रनई के जमुना प्रसाद, विकास साहू, शुभम पटेल, संतोष साहू, राजेश कुमार, केवला प्रसाद, जय प्रकाश दिनेश कुमार, लक्ष्मण साहू सहित अन्य ग्रामवासियों ने सरपंच-सचिव को पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत में राईस मिल प्रदूषण युक्त फैक्ट्री नहीं खोले जाने के प्रस्ताव स्थाई रूप से पारित करने की मांग की है। ग्रामवासियों द्वारा सौपें गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि उन्हें सूचना मिली है कि ग्राम में सूरजपुर के श्री अग्रवाल एवं अन्य किसी बडे सेठ द्वारा ग्राम रनई में राईस मिल प्रदूषणयुक्त खोलने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम रनई घनी आबादी वाला रिहायसी इलाका होने के साथ एनएच से सटा होने से राहगीरों व गांव के लोगों को प्रदूषण एवं राईस मिल से निकलने वाले धूल धुएं से बहुत परेशानी होगी, इसके लिए ग्राम पंचायत से प्रस्ताव स्थाई रूप से पारित हो कि कोई भी राईस मिल फेक्ट्री की स्थापन न हो सके। इस संबंध में किसी के द्वारा अनुमति लिया जाता हो तो अनुमति प्रदान न किया जाए।

### प्लेसमेंट कैंप में 45 आवेदकों का चयन

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि अब से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर का संचालन कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत के पीछे पुराने कैंटिन भवन में किया जा रहा है। सभी बेरोजगार आवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंजीयन एवं नवीनीकरण से संबंधित सभी कार्य उक्त भवन में किए जाएंगे, इसके अलावा, बीते 5 मार्च को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में तीन प्रमुख नियोजक उपस्थित थे। इसमें सत्या माइक्रोकेपिटल लिमिटेड बैकुंठपुर, एसआईएस इंडिया लिमिटेड अनूपपुर (मध्यप्रदेश) और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस बैकुंठपुर रहे। इस कैंप में कुल 319 रिक्तियों के लिए भर्ती की प्रक्रिया आयोजित की गई थी। प्लेसमेंट कैंप में 596 बेरोजगार आवेदकों ने पंजीकरण कराया। नियोजकों ने अंतिम चयन प्रक्रिया पूरी की, इसके परिणामस्वरूप सत्या माइक्रोकेपिटल लिमिटेड बैकुंठपुर ने 7, एसआईएस इंडिया लिमिटेड अनूपपुर ने 28 और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस बैकुंठपुर ने 10 आवेदकों का चयन किया। इस प्रकार कुल 45 आवेदकों को अंतिम रूप से नौकरी के लिए चयनित किया गया।

### रोजाना भक्तों का उमड़ रहा सैलाब

# महामाया मंदिर चनवारीडांड़ में नवरात्रि की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गवां

नवरात्रि के पावन अवसर पर महामाया मंदिर चनवारीडांड़ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, इससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मंदिर परिसर में भोग-भंडारे का आयोजन किया गया है, जहां प्रतिदिन भक्तों को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।

मंदिर के मुख्य द्वार के पास विशेष टेंट लगाया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए भोग तैयार किया जा रहा है। इस वर्ष श्रद्धालुओं ने मंदिर में 1800 तेल के दीप और 706 घी के दीप प्रज्वलित किए हैं, जिससे पूरा परिसर रोशनी से जगमगा उठा है। पूजा सामग्री की दुकानों में भी रौनक देखी जा रही है। दुकानदारों ने बड़ी मात्रा में पूजा सामग्री का भंडारण कर रखा है,ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर समिति के पदाधिकारी पूजा व्यवस्था की देखरेख में जुटे हुए हैं और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है।


मां महामाया मंदिर।


मंदिर पहुंचे श्रद्धालु।


परिसर में स्थित दुकानें।

### रामनवमी के बाद बाजार बढ़ने की उम्मीद

सोनहत। रामनवमीं पर्व को लेकर सोनहत सहित आसपास के बाजारों में मंदी का असर देखने को मिल रहा है। अधिकांश परिवार पूजन, हवन, व्रत एवं धार्मिक आयोजनों में व्यस्त हैं, इससे बाजारों में ग्राहकी कमजोर हो गई है। मुख्यालय सहित कई क्षेत्रों में सिर्फ पूजन सामग्री, फलाहारी वस्तुओं और प्रसाद से जुड़ी दुकानों में हलचल देखी जा रही है, जबकि अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान सुने पड़े हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि रामनवमी के कारण लोग खरीदारी से परहेज कर रहे हैं, लेकिन आने वाले दिनों में विवाह एवं अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत से बाजार में फिर से तेजी आने की उम्मीद है। लग्नसरा सीजन के चलते कपड़ा, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य जरूरी सामानों की मांग बढ़ने की संभावना है, इससे व्यापारियों को राहत मिलेगी। इस बीच व्यापारी वर्ग को उम्मीद है कि त्योहार के बाद बाजार में फिर से रौनक लौटेगी और ग्राहक बड़े स्तर पर खरीदारी के लिए निकलेंगे।

### असाटी समाज ने शीतला माता की मढ़िया में की महाआरती

मनेन्द्रगढ़। नवरात्रि के पावन पर्व पर मनेन्द्रगढ़ के सबसे प्राचीन मंदिर मां शीतला माता की मढ़िया में असाटी समाज के द्वारा महाआरती की गई। इसमें सभी सामाजिक बंधुओ के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता की मढ़िया में नवरात्रि के अवसर पर रोजाना शाम को महाआरती होती है, इसमें भक्तों की भीड़ उमड़ती है। माता के भजनों के साथ यहां महाआरती की जाती है। इसमें पुरूष-महिलाओं के अलावा बच्चे भी शामिल होते हैं। आरती के बाद भोग प्रसाद का भी वितरण भी प्रतिदिन किया जाता है। नवरात्रि के दूसरे दिन असाटी समाज ने माता के मंदिर में महाआरती की। पुरूष और महिला समिति ने



मिलकर इसका आयोजन किया। इसमे समाज के संतोष गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, भगवान दास गुप्ता, अनीश गुप्ता, विनय गुप्ता , हरीश गुप्ता, सतीश गुप्ता, उमेश गुप्ता, नितिन गुप्ता, मनीष गुप्ता, आशीष गुप्ता, रोहित गुप्ता, पीयूष, सुमित, हरिओम के अलावा महिला समिति से श्रीमती गायत्री गुप्ता, शीला गुप्ता, गीता गुप्ता, सविता गुप्ता, अंजना गुप्ता, कल्पना गुप्ता, अभिलेख गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता, संगीता गुप्ता, भावना गुप्ता, अनामिका गुप्ता, साक्षी, सिद्धि , अंशिका की उपस्तिथि रही।



## सर्वआदिवासी समाज ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष व समाज के अन्य के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर सिविल जज चयन परीक्षा 2023 में अत्नु प्रसाद पिता रमाशंकर प्रसाद की फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर चयन की जांच की मांग छग राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के पत्र का हवाला देकर की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उक्त आयोग द्वारा आवेदिका अंजू पाथरे निवासी दंतेवाड़ा के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए जिला स्तरीय प्रमाण पत्र सत्यापन समिति से जाति प्रमाण पत्र के जांच नियमानुसार कर एक माह के भीतर आयोग को अवगत कराने का लेख किया गया। सर्व आदिवासी समाज कोरिया द्वारा कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में सिविल जज चयन परीक्षा 2023 में अजजा वर्ग के अंतर्गत अनुचित रूप से ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को चयन सूची में शामिल किए जाने को लेकर ज्ञापन में उल्लेख किया है कि छग लोक सेवा आयोग द्वारा जारी चयन सूची में अत्नु प्रसाद रोल नंबर 2308101155 का नाम एसटी वर्ग में दर्ज किया गया है, जबकि वे केंवट जाति अंतर्गत आते हैं, जिसे ओबीसी वर्ग में सम्मिलित किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान गिरजाशंकर पैकरा, विजय सिंह ठाकुर, श्रीमती नीरा सिंह कुसरो, गीता खलखो, सुषमा पैकरा, सुनिति पैकरा आदि शामिल थे।

### सर्व आदिवासी समाज की मांग

संदेहास्पद जाति प्रमाण पत्र को लेकर सर्व आदिवासी कोरिया के अध्यक्ष व अन्य के द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया है। इसमें मांग किया गया है कि सिविल जज चयन प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थी के दस्तावेजों का पुनः सत्यापन किया जाए। यदि जाति प्रमाण पत्र फर्जी सिद्ध होता है तो चयन को निरस्त कर संबंधित अभ्यर्थी पर कानूनी कार्रवाई की जाए। नियुक्ति पत्र जारी होने से पूर्व जाति प्रमाण पत्र की विस्तृत जांच सुनिश्चित की जाए, प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताएं रोकी जा सके।

## बाल कल्याण समिति भोपाल एवं अनूपपुर की टीम ने स्कूल में

**बिजुरी।** कोयलांचल नगरीय क्षेत्र बिजुरी का सबसे विवादित विद्यालय का तमगा हासिल किए संत जोसेफ मिशन स्कूल में उस वक्त खलबली मच गई, जब बाल विकास कल्याण समिति भोपाल एवं अनूपपुर सहित महिला एवं बाल विकास विभाग कीसंयुक्त टीम ने 29 मार्च को एकाएक विद्यालय पहुंचकर जांच शुरू कर दिए। और विद्यालय में भारी अनियमितताएं पाने पश्चात सभी दस्तावेज जब्त कर, टीम उन सभी दस्तावेजों को अपने साथ भोपाल ले गई। बाल




कल्याण समिति के सदस्यों से बात करने पश्चात पता चला कि संत जोसेफ मिशन स्कूल की भूमि संदिग्ध होने के साथ-साथ विद्यालय को हॉस्टल संचालित करने की अनुमति नहीं होने बाद भी संचालक द्वारा दशकों से विद्यालय में हॉस्टल संचालित किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से नियमों के विपरीत है। इन सबके अतिरिक्त भी विद्यालय में विभिन्न अनियमितताएं पाई गई है। इस वजह से विद्यालय के दस्तावेजों को जब्त करते हुए बाल कल्याण समिति की टीम सभी दस्तावेजों को अपने साथ भोपाल लेकर आई है, जिनकी जांचकर कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। गौरतलब है कि संत जोसेफ मिशन स्कूल में पूर्व के दौरान कई गंभीर घटनाएं घटित हो चूकि है। यहां तक कि एक विद्यार्थी की मौत भी हो चूकि है।

### सड़क निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ स्वीकृति

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार सुदूर अंचलों में अधोसंरचना विकास के लिए कार्यों की स्वीकृति और बजट आवंटन जारी है। इसी कड़ी में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल एवं बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े के प्रयासों से कोरिया जिले को एक और महत्वपूर्ण सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृति प्राप्त हुई है। छग शासन के लोक निर्माण विभाग ने कोरिया जिले के अमरपुर-चिरमिरी मुख्य जिला मार्ग से लावापारा झलरापारा होते हुए बाबा पहरी मुख्य मार्ग तक 4.60 किमी. सड़क निर्माण कार्य के लिए 7 करोड़ 26 लाख 90 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## समाज के बीच करें बेहतर कार्य

**मनेन्द्रगढ़।** समाजसेवी संस्था द एसोसिएशन ऑफ द वी क्लब ऑफ इंडिया 323- जी 3 के अंतर्गत एरिया कॉन्फ्रेंस प्रियेश का गरिमा पूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। ध्वज वंदना मधु जैन स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति शीला सिंह एवं डॉक्टर संगीता प्रजापति द्वारा दी गई। वहीं नृत्य की प्रस्तुति रिया श्रीवास्तव श्रीयांशी श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

इस अवसर एरिया 1 के अंतर्गत आने वाले सभी नौ क्लबो की सदस्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता फरमानिया ने एरिया ऑफिसर पम्मी अरोड़ा को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एरिया वन में सेवा कार्यों को करते हुए नव विहान नव



सोपान अंतर्गत गौ माता की बचे जान अन्नदान तथा स्वास्थ्य शिविर एवं मुखबधीर स्कूल में जाकर उपस्थित विद्यार्थियों को राखी बांधी एवं उनके भोजन की व्यवस्था भी की गई, इसके अतिरिक्त पौधरोपण के साथ ही साथ स्कूलों में छाते, पंखे एवं एक्वागार्ड लगवाया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति मजूमदार एवं वीरांगना श्रीवास्तव ने किया। रजिस्ट्रेशन कार्य अरूणा अग्रवाल एवं अंजनी वर्मा ने अपना विशिष्ट योगदान दिया। प्रीति जायसवाल ने आए हुए अतिथियों के सम्मान में आभार व्यक्त किया।

### उमझर में जागृति महिला शिविर

**नगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत उमझर में जागृति महिला शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह खुसरो, जनपद सदस्य धर्मावती राजवाड़े, हेमपुष्पा सिंह और ग्राम पंचायत सरपंच संपत उपस्थित रहे। शिविर में गर्भवती महिलाओं के गोद भराई रस्म और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुए। इस अवसर पर श्रीमती सौभाग्यवती सिंह ने अपने उद्बोधन में बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में बाधक है और इसे रोकने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए। साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं के खान-पान और स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष ध्यान देने के लिए आंगनबाड़ी



कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। शिविर में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**वेस्ट चिरमिरी।** मां दुर्गा सेवा समिति हल्दीबाड़ी चिरमिरी द्वारा नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 मार्च तक एनसीपीएच क्लब में किया गया। मां दुर्गा सेवा समिति पिछले 75 वर्षों से मां दुर्गा एवं काली की पूजा-अर्चना के साथ-साथ ही खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक कार्य करती आ रही है, इसका मुख्य उद्देश्य नई प्रतिभाओं के विकास के साथ-साथ ही चिरमिरी को एक हिल स्टेशन के रूप में मान्यता दिलाना है,ताकि बाहर के लोग भी इन खूबसूरत वादियों को देखने के लिए आए।

यह कबड्डी प्रतियोगिता तीन वर्गों में संपन्न की गई। पहला महिला वर्ग, दूसरा पुरुष ग्रामीण वर्ग एवं तीसरा वर्ग क्लब के टीमों का वर्ग रहा। क्लब के टीमों में जयश्री राम चिरमिरी के टीम ने विजेता का स्थान प्राप्त किया, जिसे पुरस्कार के साथ ही ट्रॉफी एवं 71000 रूपए इनाम स्वरूप दिए गए। क्लब की टीमों के वर्ग



में उपविजेता का किताब वीर शिवाजी क्लब बिलासपुर छग ने जीता, जिसे ट्रॉफी के साथ ही 51000 रूपए का पुरस्कार दिया गया। क्लब के टीमों में बेस्ट रेडर उदय बेस्ट कैचर हिमांशु और मैन ऑफ द टूर्नामेंट अजय मरावी को दिया गया। क्लब की टीमों के कुछ खिलाड़ी भवानी राजपूत, दुर्गेश नेताम, हिमांशु, अजय मरावी, राष्टीय प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में भी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। पुरुष ग्रामीण वर्ग में पचेरी सूरजपुर ने विजेता का पुरस्कार ट्रॉफी के साथ 31000 इनाम स्वरूप प्राप्त किया। ग्रामीण वर्ग में विजेता का पुरस्कार देसी बॉय सूरजपुर ने ट्रॉफी के साथ 21000 का पुरस्कार प्राप्त किया। ग्रामीण वर्ग पुरुष वर्ग में बेस्ट रडार नीतीश बेस्ट कैचर गोपू एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट मनदीप को मिला। महिला वर्ग में विजेता राजनांदगांव को ट्रॉफी के साथ 21000, उपविजेता पेंड्रा को ट्रॉफी के साथ 15000 एवं तृतीय पुरस्कार अलीगढ़ यूपी एवं चतुर्थ पुरस्कार सतना मध्यप्रदेश को प्राप्त हुआ। इसके साथ विभिन्न तरह के उपहार एवं गोल्ड मेडल आदि सभी खिलाड़ियों को प्रदान किया गया। मां दुर्गा सेवा समिति राष्टीय स्तर कबड्डी प्रतियोगिता विगत 5 वर्षों से आयोजित करती आ रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे।

रांची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ.आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
पागलपन, घबराहट, शक, डर, उदासी (डिप्रेशन), मिर्गी, सरदर्द, नशा, नींद नहीं आना
बच्चों में मनोरोग संबंधी समस्याएं
दिनांक 13 अप्रैल 2025, दिन - रविवार
प्रतिदिन वीडियो कॉल द्वारा परामर्श उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने,अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

### 15 स्वास्थ्य संस्थाएं राष्टीय स्तर के एनक्यूएएस मूल्यांकन में होंगी शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्टीय स्वास्थ्य मिशन एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के दिशा-निर्देशन में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन स्टैंडर्ड के अनुसार चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ को यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेन्द्र सिंह के सहयोग से प्रशिक्षण और हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा राष्टीय मूल्यांकनकर्ता डॉ. अक्षय शक्ति तिवारी, डीपीएम अशरफ अंसारी, अस्पताल सलाहकार श्रीमती प्रियंका कुरील, असिस्टेंट क्वालिटी नोडल श्वेता तिवारी और डिप्टी एमईआईओ श्रीमती सरोजनी के समन्वय से स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्टीय स्तर के मूल्यांकन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आगामी दिनों में जिले की लगभग 15 स्वास्थ्य संस्थाएं राष्टीय स्तर के एनक्यूएएस मूल्यांकन में भाग लेंगी। जिले के दोनों विकासखंड़ों में क्वालिटी टीम द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों की तैयारी को सघन रूप से पूरा किया जा रहा है। कुल 76 प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। इस पहल से जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों की गुणवत्ता में सुधार होगा और राष्टीय स्तर पर इनकी मान्यता प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जिससे नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।




न्यायालय तहसीलदार खड़गवां
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ( छ.ग. )
क्रमांक /Q / वाचक/2025 खड़गवां
दिनांक 12/03/2025

**ईश्तहार**

सर्व साधारण ग्राम पीपरबहरा के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंदराम सिंह आ. मनरूप सिंह जाति गोड़ निवासी पीपरबहरा तहसील खड़गवां जिला एम.सी.बी. छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम पीपरबहरा पहन. 10 स्थित भूमि ख.न. 1137 रकबा 2.00 हे. भूमि अनावेदकगण नंदलाल, रामसुभाग आ. समयलाल जाति सूर्यवंशी निवासी पीपरबहरा तहसील खड़गवां के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक अपने पूर्वजों के समय से 70-75 वर्षों से काबिज कास्त होकर निरंतर कृषि कार्य करते चले आ रहा है। उक्त भूमि पर अनावेदकगण नंदलाल, रामसुभाग सूर्यवंशी द्वारा कभी भी कब्जा नहीं रहने से उक्त वाद भूमि का पट्टा निरस्ती कर अपने नाम पर दर्ज कराने की मांग किया है। अतएव इस संबंध में ग्राम के किसी भी व्यक्ति या अधिकर्ता को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे नियत तिथि 28/04/2025 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् किसी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सील मोहर के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
खड़गवां जिला एम.सी.बी.

